आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.12.2025　　　　　　　　　　　　समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में ओमान की राजधानी मस्कत पहुंचे। दोनों देश आज मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से मुलाकात कर 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' के तहत वित्तीय सहायता की मांग की।
- कृषि विभाग ने 'द्वीप सुगंध' पहल के तहत मसालों और शहद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और डोरस्टेप कलेक्शन की सुविधा शुरू की है।
- विनाशकारी सुनामी की 21वीं बरसी पर 26 दिसंबर को सुनामी मेमोरियल' में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तीन देशों की राजकीय यात्रा में जॉर्डन और इथियोपिया की यात्रा पूरी कर आखिरी पड़ाव में दो दिन की यात्रा पर ओमान की राजधानी मस्कत पहुंच गए हैं। मस्कत हवाई अड्डे पर उनका स्वागत ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री, सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने किया। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत–ओमान सहयोग सुदृढ़ करने और रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ओमान सल्तनत के राष्ट्राध्यक्ष, सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर इस मित्र देश की यात्रा कर रहे हैं। भारत और ओमान आज मुक्त व्यापार समझौते से संबंधित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सदन में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की गारंटीः विकसित भारत – ग्राम कल्याण विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा में कल देर रात तक इस विधेयक पर चर्चा पूरी होने तक बैठक जारी रही। योजना के तहत श्रमिकों को दी जाने वाली राशि के लिए केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत का योगदान देगी। पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 प्रतिशत का होगा। राज्य सरकार बेरोजगारी भत्ता और मुआवजा देना जारी रखेगी। इस विधेयक में लेन–देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना और निगरानी के लिए भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय निर्धारण के

लिए मोबाइल एप्लिकेशन–आधारित डैशबोर्ड और साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणालियों का प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल संसद भवन में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। इस बैठक में दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सांसद ने प्रशासन द्वारा प्रस्तुत 144.61 करोड़ रूपये की लागत वाले 79 विकास परियोजनाओं के लिए 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' के तहत वित्तीय सहायता की मांग की। इनका उद्देश्य द्वीपों के 5 ब्लॉकों फरारगंज, रंगत, मायाबंदर, कार निकोबार और ननकौड़ी में अल्पसंख्यक समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। सांसद ने बताया कि राज्य स्तरीय समिति की मंजूरी के बाद, सभी 79 परियोजनाओं का विवरण को मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि मंत्रालय द्वारा प्राप्त प्रस्तावों की जांच की जाएगी और उन पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस –पल्स पोलियो के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्धराजू ने की। स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने बताया कि 21 दिसम्बर को द्वीपों के विभिन्न केंद्रों पर पात्र बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी। बूथ अभियान के बाद, छूटे हुए बच्चों की पहचान करने के लिए घर–घर सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं, उनके लिए अलग से टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य निदेशक ने इनके उन्मूलन के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए जनता से 'बुखार के साथ दाने' के मामलों की तुरंत सूचना देने की अपील भी की।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने किसानों और मधुमक्खी पालकों के लिए बाजार पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से 'द्वीप सुगंध' पहल के तहत मसालों और शहद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और डोरस्टेप कलेक्शन की सुविधा शुरू की है। यह योजना एक सीमित अवधि के लिए है, जिसका लक्ष्य स्थानीय उत्पादकों से सीधे, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की खरीद करना है। विभाग द्वारा इन

उत्पादों के लिए कीमतें तय की गई हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, विभाग सीधे किसान के घर से उत्पाद एकत्र करने की व्यवस्था करेगा। वर्तमान में पोर्टल पर पंजीकरण पूरी तरह से निःशुल्क है। द्वीप समूह के सभी किसान, मधुमक्खी पालक और स्वयं सहायता समूह इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने निकटतम उप–डिपो प्रभारी, क्षेत्रीय कार्यालय, या किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

प्रशासन की ओर से 26 दिसंबर को 2004 की विनाशकारी सुनामी की 21वीं बरसी पर अबरडीन स्थित जल क्रीड़ा परिसर में सुनामी मेमोरियल' में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित करेंगे। अन्य गणमान्य व्यक्ति भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देंगे। इस दौरान स्मारक स्थल पर एक 'सर्व धर्म प्रार्थना सभा' का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान जिले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आम जनता, पंचायती राज संस्थानों, विभागाध्यक्षों और प्रशासन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह साढ़े सात बजे तक मुख्य समारोह स्थल पर उपस्थित रहने की अपील की है।

<><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने आज माई भारत पोर्टल के माध्यम से एक वेबपेज लॉन्च किया है, जिसके ज़रिए गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला और नारा, हस्ताक्षर प्रतियोगिताओं सहित राष्ट्रीय स्तर की युवा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों के लिए पुरस्कार राशि का प्रावधान किया गया है और चयनित युवाओं को अगल वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी माई भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा कर भाग ले सकते हैं।

उधर, रक्षा मंत्रालय ने माई भारत के सहयोग से संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया है। इनमें स्वतंत्रता का मंत्रः वंदे मातरम पर निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता और वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएं इस माह की 31 तारीख तक खुली रहेंगी।

<><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

सुनामी मेमोरियल में 2004 की विनाशकारी सुनामी की 21वीं बरसी मनाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। इसके अलावा अखबार ने द्वीप संगीत महोत्सव के दौरान कल और 20 दिसम्बर को मरीना पार्क में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का संगीत महोत्सव आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने कार निकोबार जिले में बीच गेम्स आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है। अंडमान निकोबार एन सी सी कैडेटों के परमवीर सागर यात्रा के दौरान 21 द्वीपों का भ्रमण करने के समाचार को इंफो इंडिया ने, जबकि 21 दिसम्बर को राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस मनाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>